राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– पी.ए./सी.ई./2018/ दिनांकः

"परीक्षा फार्म संकलन हेतु"

इस कार्यालय द्वारा जारी पूर्व विज्ञप्ति क्रमांक परीक्षा नियंत्रक/ परीक्षा/ 2019/ सी.ई./ 77582–682 दिनांक 20.09.2018 के क्रम में सभी प्राचार्य/निदेशक, सम्बद्ध, संघठक एवं पी.जी. स्कूल केन्द्र को सूचनार्थ प्रस्तुत कर लेख है कि विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा– 2019 के परीक्षार्थियों से प्राप्त परीक्षा फार्मों की हार्डकापी को अपने पोर्टल पर शीघ्र वेरिफाई कर उनकी सूची का प्रिन्ट पोर्टल से लेकर उस सूची के अनुरूप सूची क्रमांक प्रत्येक परीक्षा फार्म पर अंकित कर परीक्षा फार्मों को संकाय/कक्षावार व्यवस्थित कर **दिनांक 16.11.2018** तक विश्वविद्यालय वाहन/प्रतिनिधि के सुपुर्द करें/स्वयं अपने स्तर पर निम्नानुसार जमा करवायें:–

1. विश्वविद्यालय वाहन केवल दौसा एवं जयपुर ग्रामीण महाविद्यालयों में ही भेजे जायेंगे। अतः इन जिलों के महाविद्यालय सकंलित परीक्षा फार्मों को उपरोक्तानुसार सूची के अनुरूप व्यवस्थित कर दिनांक 16.11.2018 को विश्वविद्यालय प्रतिनिधि/वाहन को आवश्यक रूप से उपलब्ध करवायें।
2. जयपुर शहर के सभी महाविद्यालय अपने स्तर पर परीक्षा फार्मो को दिनांक 16.11.2018 तक आवश्यक रूप से विश्वविद्यालय में जमा करवायें। जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
3. अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुन्झुनू एवं सीकर जिलों के महाविद्यालय परीक्षा फॉर्मो को व्यवस्थित कर अपने स्तर पर उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक विश्वविद्यालय के संबंधित अनुभागों में जमा करवायेंगे, इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा टी.ए./डी.ए. देय नहीं होगा। ध्यान रहे इन जिलों में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि/वाहन परीक्षा फॉर्म संग्रहण हेतु नहीं भेजे जायेंगे।
4. बी.बी.ए. सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षा फार्म पृथक लिफाफे (जिस पर बी.बी.ए. सेमेस्टर परीक्षा अंकित हो) में बंद कर अनुभागाधिकारी परीक्षा–4–ब (कमरा नं. 115) को अपने स्तर पर दिनांक 16.11.2018 तक आवश्यक रूप से भिजवाये। जिसका यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
5. स्नातक (डीफ एण्ड डम्ब) के परीक्षा फार्म पृथक से अनुभागाधिकारी परीक्षा–4–अ (कमरा नं. 128) में उपरोक्त तिथि तक जमा करवायें।
6. एड़ऑन कोर्सेज, एम.ई.एल. एवं अन्य सर्टिफिकेट/डिप्लोमा के परीक्षा फॉर्म पृथक से संबंधित अनुभागाधिकारी को उपरोक्त तिथि तक जमा करवायें।

sd/—

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– पी.ए./सी.ई./2018/ 349–61 दिनांकः 29/10/18

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित है :–

1. समस्त निदेशक, पी.जी. स्कूल्स एवं प्राचार्य, संघठक/सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. निजी सचिव, कुलपति/ कुलसचिव/निजी सहायक, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. समस्त उप–कुलसचिव/ सहायक कुलसचिव/ अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/ शैक्षणिक –द्वितीय/ सेलर– I, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, रोकड़ शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. संबंधित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को महाविद्यालयों के पोर्टल पर प्रसारित करवायें तथा सभी परीक्षा फार्मों को पोर्टल से शीघ्र वेरीफाई करवाने का श्रम करें।

उप कुलसचिव (परीक्षा)